वर्ष- 02 अंक- 199
छपरा
13 जून शुक्रवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live








# अहमदाबाद में एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश, 240 यात्रियों की मौत

## ब्रिटिश नागरिक समेत 2 लोग जिंदा बचे, एअर इंडिया की फ्लाइट लंदन जा रही थी; पूर्व सीएम रूपाणी का भी निधन

**अहमदाबाद ,एजेंसी।** अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। अब तक हादसे में केवल दो लोगों के बचने की बात आई है। बाकी सभी लोगों की मौत हो गई है। न्यूज एजेंसी ANI ने पुलिस कमिश्नर के हवाले से जानकारी दी कि प्लेन की सीट नंबर 11ए पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गए हैं। उनका वीडियो भी सामने आया है। वहीं एक और जिंदा बचा यात्री अस्पताल में भर्ती है। इससे पहले AP ने कहा था कि विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई है। एअर इंडिया की उड़ान संख्या AI-171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने X पर यह जानकारी दी। हालांकि कुछ देर बाद उन्होंने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी। प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टर्स रहते हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय इमारत में 50 से 60 डॉक्टर मौजूद थे, इनमें 15 से ज्यादा घायल हो गए हैं। हादसे की जगह से मिले ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी।

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति ने अहमदाबाद विमान हादसे पर जताया दुख





### टाटा ग्रुप ने मृतकों के परिजनों के लिए एक-एक करोड़ रुपये की घोषणा की

एयर इंडिया की ड्रीमलाइनर बोइंग 787-8 फ्लाइट संख्या AI171 की दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए 1-1 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की है। इसके अलावा समूह सभी घायल यात्रियों को चिकित्सा कवर की सुविधा भी मुहैया कराएगी। इस विमान में 12 चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे। टाटा संस के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने जारी बयान में कहा कि एयर इंडिया फ्लाइट ढ्ढ171 से जुड़ी दुखद घटना से हम बहुत दुखी हैं। इस समय हम जो दुख महसूस कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। चंद्रशेखरन ने लिखा है हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो घायल हुए हैं। टाटा समूह इस त्रासदी में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि देगा। घायलों के चिकित्सा व्यय को भी वहन करेगा और सुनिश्चित करेगा कि उन्हें सभी आवश्यक देखभाल और सहायता मिले। इसके अतिरिक्त बी.जे. मेडिकल के छात्रावास के निर्माण में सहायता प्रदान करेगा।

### प्लेन क्रैश पर पीएम मोदी ने जताया दुख



इस दुखद घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शा और तमाम राजनेताओं ने दुख जताया है. घटनास्थल पर राहत एवं बचाव अभियान जारी है

**पीएम मोदी ने यू जताया दुख** :दुर्घटना पर पीएम मोदी ने दुख व्यक्त किया है. उन्होंने ट्वीट कर कहा– अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है. यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है. इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं. मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं ।

### विमान हादसे पर कांग्रेस ने जताया दुख, कार्यकर्ताओं से हर संभव सहायता प्रदान करने का आग्रह





गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर कांग्रेस ने दुख जताया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पोस्ट में हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि भयावह दृश्य देखकर दिल दहल जाता है। यात्रियों, पायलट और चालक दल के परिवारों के प्रति पार्टी की हार्दिक संवेदना, विचार और प्रार्थनाएं।

उन्होंने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से पीड़ितों और उनके प्रियजनों को हर संभव सहायता और समर्थन प्रदान करने का आग्रह किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विमान दुर्घटना पर दुख जताते हुए इसे दिल दहला देने वाली घटना बताया है।

**राहुल ने एक्स पर साझा किए अपने संदेश में कहा कि :** यात्रियों और चालक दल के परिवारों को जो दर्द और चिंता हो रही होगी, वह अकल्पनीय है। इस कठिन क्षण में सभी के परिवारजन के प्रति संवेदनाएं। प्रशासन द्वारा तत्काल बचाव और राहत प्रयास महत्वपूर्ण हैं- हर जीवन मायने रखता है, हर सेकंड मायने रखता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

### विमान हादसे पर यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने जताया दुख

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने ट्वीट किया, भारत से अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की दुखद खबर आई है। इस भयानक नुकसान से पीड़ित परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। हम आपके दर्द को साझा करते हैं। यूरोप इस दुख की घड़ी में आपके और भारत के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

### पूर्व पीएम ऋषि सुनक ने भी जताया शोक

अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे पर पूर्व ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने शोक जताया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- अक्षता और मैं एयर इंडिया त्रासदी की खबर से बहुत सदमे में हैं और व्यथित हैं। हमारे दोनों देशों के बीच एक अनोखा रिश्ता है और हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन ब्रिटिश और भारतीय परिवारों के साथ हैं जिन्होंने आज अपने प्रियजनों को खो दिया है।

### कनाडा के प्रधानमंत्री ने हादसे पर जताया शोक

वहीं कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने इस घटना पर शोक जताते हुए एक्स पर पोस्ट किया, अहमदाबाद में लंदन जाने वाले एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। इस विमान में 242 यात्री सवार थे - जिनमें एक कनाडाई भी शामिल है। मेरी संवेदनाएं विमान में सवार सभी लोगों के प्रियजनों के साथ हैं। कनाडा के परिवहन अधिकारी अपने समकक्षों के साथ निकट संपर्क में हैं और मैं इस त्रासदी पर प्रतिक्रिया के बारे में लगातार अपडेट प्राप्त कर रहा हूं।

### विमान दुर्घटना पर जमाअत-ए-इस्लामी हिंद ने दुख व्यक्त किया



जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सदातुल्लाह हुसैनी ने अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान की दुखद दुर्घटना पर कहा है कि हम गहरे सदमे में हैं और दुखी हैं। इतने सारे निर्दोष लोगों की जान जाने से गमगीन हैं। यह अकल्पनीय पैमाने की आपदा है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना स्थल से दिखने वाले दृश्य अत्यंत दुखद हैं तथा लोग अपने प्रियजनों की पहचान और समाचार की प्रतीक्षा कर रहे हैं। परिवारों का दर्द शब्दों से परे है। हम बचाव और राहत कार्यों में भाग लेने वाले स्थानीय अधिकारियों और स्वयंसेवकों के अथक कार्य की सराहना करते हैं। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वह इस दुखद घटना के कारणों का पता लगाने के लिए गहन जांच करे तथा यह सुनिश्चित करे कि सुरक्षा सुधार शीघ्रता से लागू हों।

## भाजपा के नए अध्यक्ष का चुनाव 21 जुलाई तक संभव

### अगले हफ्ते से कवायद तेज होगी, 10 राज्यों में भी नए अध्यक्ष चुने जाएंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले हो सकता है। अगले हफ्ते से इस दिशा में कवायद तेज हो जाएगी। लगभग 10 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे। इसके तुरंत बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की तरफ से अनौपचारिक बातचीत में इसके साफ संकेत मिले हैं कि नए अध्यक्ष का चुनाव अब टाला नहीं जाएगा। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। लिहाजा, संगठन में इससे पहले नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।दरअसल, बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 को खत्म हो चुका है। वह एक्सटेंशन पर हैं। वहीं, वह केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं, इस वजह से भाजपा जल्द नया अध्यक्ष चुनने की तैयारी में जुटी है।

**भाजपा बिहार चुनाव में असमंजस की स्थिति नहीं रखना चाहती**-15 अगस्त के बाद बिहार चुनाव को लेकर हलचल शुरू हो जाएगी। इसलिए भाजपा इससे पहले नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनना चाहेगी क्योंकि बिहार के विधान सभा चुनाव नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर असमंजस की स्थिति नहीं रहे।पार्टी सूत्रों का कहना है कि दस प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव को लेकर तेजी से काम हो रहा है।

## देश में कोरोना के एक्टिव केस 7154 पार, 77 मौतें:

### एक हफ्ते में 30 लोगों की जान गई; गुजरात में सर्दी-खांसी होने पर क्वारंटीन होने की सलाह



**नई दिल्ली/मुंबई/ बेंगलुरु/ तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** देश में कोरोना वायरस का नया वैरिएंट तेजी से फैल रहा है। 30 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एक्टिव केसों की संख्या 7154 पहुंच गई है। एक हफ्ते से औसतन हर दिन 400 नए केस सामने आए। हालांकि, बुधवार को केवल 33 केस दर्ज हुए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2165 मामले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बीते एक हफ्ते में कोरोना से 30 लोगों की जान गई है। नए वैरिएंट से अब तक 77 मौतें हुई हैं। बुधवार को 3 लोगों ने जान गंवाई। महाराष्ट्र में 2, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 1-1 मरीज की मौत हुई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 21 मौतें हुई हैं। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने बुधवार को कहा कि सर्दी-खांसी और गले में दर्द होने पर खुद को क्वारंटीन कर लेना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचें। राज्य में बढ़ते मामलों के बीच राज्य सरकार केंद्र से संपर्क में है।

भारत के कई राज्यों में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बीच देश में चार नए वैरिएंट मिले हैं। ICMR के डायरेक्टर डॉ. राजीव बहल ने बताया कि दक्षिण और पश्चिम भारत से जिन वैरिएंट की सीक्वेंसिंग की गई है, वे LF.7, XFG , JN.1 और NB.1.8.1 सीरीज के हैं। बाकी जगहों से नमूने लेकर सीक्वेंसिंग की जा रही है, ताकि नए वैरिएंट की जांच की जा सके। मामले बहुत गंभीर नहीं हैं, लोगों को चिंता नहीं, बस सतर्क रहना चाहिए।

## तेलंगाना के सरकारी इंजीनियर के पास 19 प्लॉट-विला, 3 बिल्डिंग

### ● 13 ठिकानों से करोड़ों की संपत्ति जब्त; विवादित कालेश्वरम सिंचाई प्रोजेक्ट से नाम जुड़ा

**हैदराबाद,एजेंसी।** तेलंगाना के सिंचाई विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नुने श्रीधर के 13 ठिकानों पर मंगलवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने छापेमारी की। इस दौरान करोड़ों की अवैध संपत्ति जब्त की गई है। बुधवार को ACB ने मामले की जानकारी दी। ACB के अधिकारियों ने बताया कि श्रीधर के पास मिली संपत्तियां, उनके आय के ज्ञात स्त्रोतों से कई गुना ज्यादा हैं। उनके पास हैदराबाद की प्राइम लोकेशन पर 19 रेसीडेंशियल प्लॉट, एक विला, 3 बिल्डिंग और कई फ्लैट हैं। इसके अलावा बड़ी मात्रा में कैश, सोना और बैंक बैलेंस भी है। ACB के अनुसार, श्रीधर ने अपने बेटे की शादी थाईलैंड में की, जिसमें कई करोड़ रुपए खर्च किए गए। श्रीधर का नाम दुनिया की सबसे बड़ी मल्टी-स्टेज लिफ्ट सिंचाई परियोजना कालेश्वरम प्रोजेक्ट से जुड़ा है। इस प्रोजेक्ट में करप्शन के आरोप लगे हैं। फिलहाल श्रीधर पर भी भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया गया।

इंजीनियर के सिंचाई प्रोजेक्ट से कनेक्शन की जांच होगी ACB के अधिकारियों ने कहा- श्रीधर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया गया है।

## आसिम मुनीर को यूएस आर्मी डे में बुलाया जाना भारत के लिए बड़ा झटका, कांग्रेस ने उठाए गंभीर सवाल



**नई दिल्ली,एजेंसी।** अमेरिका द्वारा भारत-पाकिस्तान को एक साथ जोड़े जाने पर कांग्रेस लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री से अपनी जिद छोड़ने और सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि ऐसी खबरें आ रही हैं कि पाकिस्तानी सेना के प्रमुख आसिम मुनीर को अमेरिका के आर्मी डे पर आमंत्रित किया गया है। यह खबर भारत के लिए कूटनीतिक के साथ ही रणनीतिक रूप से भी बड़ा झटका है।

**जयराम रमेश ने बताया भारतीय कूटनीति को लगे तीन बड़े झटके** :जयराम रमेश ने कहा कि भारतीय कूटनीति को अमेरिका से तीन बड़े झटके लगे हैं। यह हमारी अमेरिकी नीति पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। यह एक चेतावनी है। पहले अमेरिका के सेंट्रल कमांड प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ शानदार सहयोगी बताया। यह अमेरिका के शीर्ष सैन्य नेतृत्व की तरफ से अजीब बयान है।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि दूसरा बड़ा झटका असिम मुनीर को 14 जून को आयोजित हो रहे यूएस आर्मी डे के लिए आमंत्रित किया जाना है। ये वही आसिम मुनीर है, जिसने पहलगाम आतंकी हमले से कुछ दिन पहले ही भड़काऊ और विभाजनकारी बयान दिया था। तीसरा झटका अमेरिकी विदेश विभाग का ताजा बयान है, जिसमें उन्होंने फिर से कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम राष्ट्रपति ट्रंप ने कराया।

### संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

मोदी सरकार कह रही है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। ऐसी स्थिति में पाकिस्तानी सेना के प्रमुख का अमेरिका में आर्मी डे कार्यक्रम में बुलाया जाना गंभीर चिंता का विषय है। कांग्रेस ने ये भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप लगातार भारत और पाकिस्तान को जोड़कर बयान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री को अब अपनी जिद छोड़ देनी चाहिए और एक सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए ताकि मौजूदा हालात पर एक मजबूत रोडमैप बनाया जा सके।

## सिंगापुर के कंटेनर पोत में लगी आग बुझाने को वायु सेना ने छिड़का 2600 किलो ड्राई केमिकल पाउडर

### हेलीकॉप्टर पर एक पायलट और दो एयर क्रू गोताखोरों वाली एक विशेष टीम को तैनात किया गया



**नई दिल्ली,एजेंसी।** अरब सागर में सिंगापुर के ध्वज वाले कंटेनर पोत वान हाई 503 में लगी आग को बुझाने के लिए अब भारतीय वायु सेना को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वायु सेना के एमआई 17वी5 हेलीकॉप्टर ने आज सुबह जहाज की आग बुझाने के लिए 2600 किलोग्राम ड्राई केमिकल पाउडर छिड़का। यह एक ऐसी आग थी?, जिसे पारंपरिक तरीकों से नियंत्रित नहीं किया जा सकता था। वायु सेना का हेलीकॉप्टर भारतीय तटरक्षक बल के साथ मिलकर अग्निशमन प्रयासों के लिए लगातार मिशन चला रहा है।

सिंगापुर के ध्वज वाला कंटेनर पोत वान हाई 503 श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह से 06 जून को रवाना हुआ था, जिसे मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पहुंचना था। इस जहाज पर कुल 22 चालक दल के सदस्यों के साथ कंटेनर कार्गो थे। कोलंबो से न्हावा शेवा की ओर जा रहे जहाज ने 09 जून को सुबह लगभग 09.30 बजे डेक के नीचे विस्फोट होने और बाद में आग लगने की सूचना दी। उस समय यह जहाजकेरल के अझिक्कल से 44 समुद्री मील दूर था। भारतीय तटरक्षक बल और नौसेना के पांच जहाज मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। लगातार प्रयासों के चलते 10 जून की शाम तक आग की लपटें कम हो गईं। घने धुएं के बीच जहाज लगभग 10-15 डिग्री झुक गया और कंटेनर पानी में गिरने लगे।भारतीय तटरक्षक बल ने चुनौतीपूर्ण समुद्री परिस्थितियों के बावजूद सिंगापुर के जहाज पर अग्निशमन प्रयासों को जारी रखा। कामयाबी न मिलते देख आज सुबह भारतीय वायु सेना को आग बुझाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। हवाई अग्निशमन अभियान चलाने के लिए भारतीय वायु सेना के एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर पर एक पायलट और दो एयर क्रू गोताखोरों वाली एक विशेष टीम को तैनात किया गया। मिशन के दौरान टीम ने 1,000 किलोग्राम ड्राई केमिकल पाउडर को सीधे आग पर छिड़का।

# सत्रहवें महोत्सव में दिव्य महाआरती से देर रात तक जगमगाता रहा चिरांद, मेला जैसा दृश्य

**दैनिक खोज खबर/ डोरीगंज/छपरा।** ज्येष्ठ पूर्णिमा की धवल चांदनी रात में गंगा सरयुग और सोन नद के संगम पर स्थित चिरांद में भारत की सांस्कृतिक अध्यात्म और ज्ञान परंपरा का अद्भुत समन्वय साकार हुआ। चिरांद विकास परिषद् के 17वें महोत्सव में गंगा गरिमा रक्षा संकल्प के साथ ही विरासत संरक्षण व प्राकृतिक के सनिध्य में सतत विकास का लोक विमर्श प्रवण चढ़ा। गंगा महाआरती और चिरांद चेतना महोत्सव का उद्घाटन अयोध्या के विश्व प्रसिद्ध लक्षमण किलाधीश महंथ मैथली रमन शरण ने किया। समोराह की अध्यक्षता सारण के जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग ने की। गंगा एवं गुरु पूजन के बाद महंथ मैथली रमण शरण जी ने वेद उच्चारण और शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर चिरांद चेतना महोत्सव एवं गंगा गरिमा संकल्प समारोह का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऋषियों के तप से सिद्ध यह ज्ञान क्षेत्र भगवन श्रीराम के आविर्भाव और अभ्युदय यात्रा से जुड़ा हुआ है।



अपने गुरु महर्षि विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण अयोध्या से चलकर अपनी पहली दिग्विजय यात्रा के क्रम में पहली बार चिरांद स्थित संगम पर पहुंचे और रात्रि विश्राम किया था, इस पुण्य भूमि पर उन्हें समर का प्रताप मिला था। वहीं, उन्होंने बताया कि यहाँ प्राप्त हुए पुरातात्विक साक्ष्य यह बताते हैं कि यह स्थान कभी आवादी शून्य नहीं रहा। इस प्रकार यहाँ दैहिक दैविक भौतिक तापों से मुक्ति का ज्ञान समृद्ध अवस्था में विद्यमान था।वहीँ, अपने अध्यक्षीय भाषण में जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत गर्ग ने कहा कि यहाँ स्थान हड़प्पा, मोहनजोदड़ों नालंदा और विक्रमशिला जैसा महत्वपूर्ण है। इस स्थान का संरक्षण और विकास हो तो पूरे विश्व के लोग यहां आएंगे और प्राचीन भारत के सतत विकास के मॉडल के बारे में जान और समझ सकेंगे। चिरांद विकास परिषद् ने जल-प्रकृति संरक्षण, शिक्षा स्वस्थ्य साहित्य संस्कृति जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण करने वाले प्रसिद्धि परांगमुख कर्मयोगियों को सम्मानित करने की परंपरा शुरू की है। इस अवसर पर रामकृष्ण आश्रम के स्वामी दिव्यात्मानन्द जी महाराज, चिरांद विकास परिसद के संरक्षक श्री श्री 1008 कृष्णगिरि नागा बाबा ( जयकारा बाबा ) लक्ष्मण किला के अधिकारी सूर्य प्रकाश शरण कला संस्कृति के अधिकारी विभा भारती, चिरांद विकास परिषद् के अध्यक्ष कृषकान्त ओझा, रामदयाल शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। परिषद के श्री श्रीराम तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस वर्ष सामाजिक कार्य के लिए देवेश नाथ दीक्षित, स्वस्थ्य सेवा में कार्य करने के लिए डॉ रविशंकर, पत्रकारिता और साहित्य रचना के माध्यम से योगदान देने वाले राकेश प्रवीर, कत्थक नृत्यांगना कुमारी अनीशा कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नचिकेता एवं पुलिस अधिकारी मनीष कुमार को चिरांद रत्न से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के बाद बाल कलाकार गायक रौनक रतन ने गंगा गीत प्रस्तुत कर गंगा महा आरती के लिए भावपूर्ण वातावरण का निर्माण कर दिया। आचार्य राजेश के नेतृत्व में कशी से आये 11 आचार्यों ने दिव्या गंगा महा आरती की। हजारों की संख्या में एकत्रित जागृत लोगों के समक्ष सत्यम कला मंच ने संस्कार गीत वराहमासा, चिरांद गाथा सारण महिमा जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किये। देर रात तक चिरांद का गंगा तट जगमाता रहा।

## सिवान में प्रधानमंत्री क़े आगमन में शामिल होने के लिए जदयू कार्यकर्ताओं ने सोनपुर में की बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** रामसुंदर दास महिला महाविद्यालय सोनपुर के प्रांगण में सोनपुर विधानसभा जनता दल यूनाइटेड की कार्यकर्ताओं का एक बैठक गुरुवार को बुलाई गई। कार्यक्रम क़े अध्यक्षता नीतीश पटेल प्रखंड अध्यक्ष दिघवारा ने किया, जबकि संचालन चंदेश्वर प्रसाद भारती प्रखंड अध्यक्ष सोनपुर ने किया। बताया गया कि 17 जून 2025 को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह सारन जिला के सर्किट हाउस में इस कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेंगे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के मुख्यालय प्रभारी चंदन सिंह की उपस्थिति में सोनपुर और दिघवारा प्रखंड के पंचायत अध्यक्षों, प्रखंड कमेटियों, जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी की भारी उपस्थिति में रैली की तैयारी के संबंध में कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने क़े लेकर उत्साहित दिखे । बैठक में सोनपुर व दिघवारा प्रखंड क़े दर्जनों जदयू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सबलपुर में हरिहर साई धाम के मनाया गया 10वां वार्षिकोत्सव

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर नगर क्षेत्र सबलपुर में स्थापित हरिहर साई धाम के दसवें वार्षिकोत्सव धूमधाम से गुरुवार को मनाया गया। वार्षिक उत्स्व क़े दौरान साई बाबा क़े विशेष पूजा अर्चना ,भजन कीर्तन,गीत संगीत का आयोजन किया गया। इस वार्षिक उत्स्व में भारी संख्या में श्रद्धालु ने पहुँच कर साई बाबा क़े चरण स्पर्श कर उनसे सुख शांति की कामना की। साई मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन शशिभूषण तिवारी ने बताया कि 10 वां वार्षिकोत्सव में प्रातः सबसे पहले साई बाबा का मंगल स्नान श्रृंगार, चरण पादुका पूजन, छोटी आरती से आरंभ होकर कार्यक्रम संध्या काल तक चली। संध्या आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। उनकी पत्नी सरोज तिवारी क़े साथ अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक साई बाबा क़े भजन कीर्तन गाकर उपस्थित लोगो को मन मोहित कर दी।

## सरकारी कार्य में बांधा पहुंचाने को लेकर मुखिया ने कराई प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** प्रखंड के सगुनी पंचायत अंतर्गत भगवानपुर में ग्रामीण सड़क पर चल रहे पुलिया निर्माण को गांव के कुछ लोगों द्वारा जबरन रोक दिया गया है। इस संबंध में स्थानीय मुखिया बबली कुमारी ने गाली गलौज करने व सरकारी कार्य में बांधा पहुंचाने परसा थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए गांव के ग्यारह लोगों को आरोपित किया है। मुखिया ने कही है कि सगुनी पंचायत अंतर्गत भगवानपुर में बने कचरा निस्तारण (डब्ल्यूपीओ) तक जाने वाली सड़क पर पुलिया का निर्माण कराया जा रहा था, तभी गांव के ही कुछ लोग गाली गलौज करते हुए जबरन कार्य को रोक दिया। प्राथमिकी में अश्लील गाली गलौज करने, व जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में गांव के ही अनुज कुमार सिंह, राजा कुमार सिंह, बीरबल कुमार सिंह, विक्की सिंह, हरेंद्र सिंह सहित ग्यारह लोगों को आरोपित किया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि मामले को लेकर पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर करवाई की जा रही है।

## अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक सवार मां पिता और बेटा घायल, छपरा रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर पानापुर के बेलौर में अनियंत्रित कार की चपेट में आने से बाइक सवार मां पिता और पुत्र घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए जहां से सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल पानापुर थाना क्षेत्र के पिपरा तख्त गांव निवासी हुलास महंतों का 55 वर्षीय पुत्र जगदेव महंतों और जगदेव महंतों की 50 वर्षीय पत्नी सुखलावती देवी और 25 वर्षीय पुत्र विजेन्द्र महंतों हैं सभी घायल मां पिता और पुत्र हैं। जो बाइक पर सवार होकर निजी आवश्यक कार्य के लिए डुमरसन बंगरा जा रहें थे वहीं कार लखनपुर से मुजफ्फरपुर की तरफ जा रहा था। घायलों का ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। घायल तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

## बाइक दुर्घटना में जिले के नारायणी सेवा संस्थान के कार्डिनेटर घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के तख्त टोला गांव निवासी अखिलेंद्र सिंह बाइक दुर्घटना में घायल हो गए। घायल ने बताया कि वे सारण जिले के नारायणी सेवा संस्थान के कार्डिनेटर के पद पर कार्यरत हैं। वे ड्यूटी पर गये थें वहीं से अमनौर के रास्ते मढ़ौरा होकर मशरक लौट रहे थे कि अनियंत्रित वाहन से बचने के दौरान बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई घायल हालत में इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया।

## खड़ी ट्रक में बस ने मारी ठोकर एक दर्जन से अधिक लोग घायल

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** एनएच-531पर रसूलपुर थाना से कुछ दुर सीता वाटिका के समीप गुरूवार की देर संध्या छपरा से सीवान जा रही बस ने खड़ी ट्रक में जबरदस्त ठोकर मार दी जिससे बस में सवार एक दर्जन से भी अधिक लोग घायल हो गए, सभी घायलों का ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एकमा में किया गया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि ट्रक का चक्का पंचर होने के कारण ट्रक चालक सीता वाटिका के समीप ट्रक को सड़क किनारे खड़ा किया था तभी छपरा से सीवान जा रही एक निजी बस ने ट्रक में ठोकर मार दी जिससे बस में सवार एक दर्जन से भी अधिक लोग घायल हो गए, सूचना मिलते हीं रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया और घायलों को ईलाज हेतु एकमा पहुंचाया ।

## वेदांता लिमिटेड उड़िसा मे मिला वेस्ट पोटेंशिअल एंड वेस्ट पॉरफॉर्मर का अवार्ड

**दैनिक खोज खबर/ डोरीगंज (सारण)।** सदर प्रखण्ड के मुसेपुर कंशदियर निवासी सुधीर कुमार सिंह एवं रिना सिंह के पुत्र इंजिनियर सोनु कुमार सिंह जो उड़िसा झाड़सुगुड़ा स्थित वेदांता लिमिटेड मे असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत है ।यह कम्पनी एलुमिनियम निर्माण मे विश्वस्तर की कम्पनी है । इस कम्पनी मे टेक्नीकल एक्ट अप प्रोग्राम के द्वारा हाई पोटेंशिअल एंड वेस्ट पॉरफॉर्मर का इंटरव्यू एवं परीक्षा ली जाती है, जिसमे इंटरव्यू पास करने पर सोनु को टेक्नीकल स्टार के पद पर सेलेक्शन हुआ है साथ ही कम्पनी के सीईओ द्वारा अवार्ड देकर सम्मानित किया गया । सोनू यादवपुर युनिवर्सिटी कोलकाता से



इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर पिछले तीन वर्षो से इस कम्पनी मे असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। सोनू कम्पनी द्वारा होने वाले अन्य इंटरव्यू मे भी हमेशा सफल होता आया है। सोनू की इस सफलता पर परिजनों एवं ग्रामीणों ने बधाई दी है।

## स्नान करने के दौरान पोखरा में डूबने से छात्र की हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/ भेल्दी(सारण)।** स्नान करने के बाद गांव के ही एक पोखरा में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई।मृतक शमी रजा(12) भेल्दी थाने के अरना गांव के महरूम अलियास अंसारी का पुत्र बताया जाता है।

मिली जानकारी के अनुसार छात्र शमी रजा गांव के कुछ बच्चों के साथ गांव के ही एक नीजि पोखरा में स्नान करने के लिए गया था।स्नान करने के क्रम में शमी अचानक पोखरा में डूब गया।उसके डूबने के बाद बच्चे शोर मचाने लगे तो गांव के लोग जुट गए और पोखरे में तलाशी की तो शमी का शव मिला।शव मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।शमी का शव देखते ही उसकी बड़ी बहन शाहिन प्रवीण व छोटा भाई रेहान रजा फफक-फफक कर रोने लगे।छात्र की मौत के बाद गांव वाले भी गम में डूबे हुए हैं।छात्र की मौत के बाद मुखिया प्रतिनिधि रामनाथ बैठा ने मृतक के परिजनों को ढाढस बढाते हुए गहरी संवेदना ब्यक्त की।

**मृत शमी चौथी कक्षा का था छात्र, बचपन में ही मां-बाप का छाया उठ गया** - मृत शमी रजा चौथी कक्षा का छात्र था और वह सोनहो के एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ता था।उसके माता और पिता की मौत सालों पहले हो गई थी।मां-बाप के इंतकाल के बाद उसके बड़े पिता डा.वारीश अली अंसारी व उनके पुत्र गुलाम मुस्तफा कमल उसकी देखभाल करते थे।

## सोनपुर में मनायीं गयी कबीर साहेब की 627वीं जयंती

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर नगर पंचायत के कबीर मठ क़े प्रागण में कबीर साहेब की 627 वीं जयंती धूमधाम क़े साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आचार्य महंत शत्रुघ्न गोस्वामी साहेब ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के मुख्य संचालक बिदुपुर के आचार्य महंत रमेश दास ने किया। इस अवसर पर शत्रुघ्न गोस्वामी ने अपना विचार व्यक्त करते हुए वर्तमान समय क़े प्रस्थितियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज के समय में लोग मानव धर्म को सही तरीके से नहीं अपना रहे हैं जिसके कारण लोग कष्ट झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यकाल के अद्वितीय संत सद्?गुरु कबीर साहेब ने अपना पूरा जीवन समाज कल्याण व समाज सुधार में लगाया। कबीर साहेब का प्रकट होना भारत की संत परंपरा के लिए वरदान है।




कबीर आश्रम तुर्की के महंत सुंदर दास शास्त्री ने कहा कि संत कबीर जी ने समाजिक न्याय व समाज सुधार क़े लिए समता मूलक समाज की स्थापना की। वही सुंदर दास ने कहा कि आज भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में कबीर समाज को जोड़ने की जरूरत है वही बिदुपुर के आचार्य महंत रमेश दास ने कहा कि कबीर साहेब प्रेम, करुणा और दया के सागर थे। उन्होंने अंधविश्वास, पाखंड और जातिवाद के खिलाफ आवाज उठाई। स्थानीय कबीर आश्रम के प्रबंधक मनोज कुमार गोस्वामी ने कहा कि कबीर धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए सेवा की तरह काम किया जा रहा है। मौके पर कबीर धर्म क़े मानने वाले लोगो ने सरकार से चार प्रमुख मांगें रखी जिसमे कबीर धर्म को संविधान की सूची में शामिल किया जाए। कबीर साहेब के प्रकट दिवस पूर्णिमा को सद्गुरु कबीर दिवस के रूप में मनाया जाए। सरकारी पुस्तकों में कबीर दास के स्थान पर कबीर साहेब नाम लिखा जाए। लोकसभा में कबीर साहेब का चित्र लगाया जाए। साथ ही, कबीरपंथी समाज को कबीर धर्म लिखने और जाति के स्थान पर मानव जाति लिखने की अनुमति दी जाए। जयंती समारोह में महंत धनेश गोस्वामी, महंत किशोर दास, भोला दास सहित कई संत महात्माओं ने भाग लिया।

## तेज रफ्तार ट्रक से बचाने में पलटी ऑटो, ऑटो चालक की मौत, पांच घायल

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** दिघवारा-भेल्दी मुख्य सड़क मार्ग पर गुरुवार की दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। मोहम्मदपुर से मसरख जा रही एक ऑटो रसूलपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ऑटो चालक इदरीश मियां की मौत हो गई, जबकि ऑटो में सवार पांच अन्य लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, भेल्दी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को अचानक चकमा दे दिया, जिससे संतुलन बिगड़ गया और ऑटो सड़क किनारे पलट गई। घटना के तुरंत बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को दरियापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चालक इदरीश मियां की हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।दूसरे घायलों का इलाज दरियापुर सीएचसी में चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।स्थानीयों ने उठाई मांग ग्रामीणों ने बताया कि दिघवारा-भेल्दी सड़क मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और अनियंत्रित ढंग से आवाजाही के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से सड़क पर स्पीड कंट्रोल और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

## भाजपा नेता राकेश सिंह ने लोक गायिका अनुपमा यादव को जन्मदिन पर दी बधाई और शुभकामनाएं

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भोजपुरी सुपर स्टार लोक गायिका अनुपमा यादव के जन्मदिन पर भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने बाबा हरिहरनाथ का प्रसाद खिलाकर और प्रतीक चिन्ह देकर 26वॉ जन्मदिन की बधाई और शुभकामनायें दी। भाजपा नेता श्री सिंह ने बताया कि जन्मदिन के अवसर पर बधाई देने वाला का घर पर तांता लगा रहा। इस अवसर पर उनके माता पिता सनी सिंह, मोनू सिंह, सुमंत तिवारी सहित अनेक लोग उपस्थित थे। सभी लोगो ने जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश सिंह ने कहा की अनुपमा यादव अपने जीवन मे बहुत संघर्ष कर मुकाम पर पहुंची है, उनका गाना पूरे बिहार के लोग सुनते है और सराहना करते है। उन्होंने कहा की हमलोग चाहेंगे की लोक गायिका अनुपमा प्रदेश और देश का नाम रौशन करें।



## बिजली करंट से झुलसे मिस्त्री की इलाज के दौरान मौत

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण) ।** हाई टेंशन तार की मरम्मति के दौरान गंभीर रूप से झुलसे विद्युत सब स्टेशन तरैया में कार्यरत मिस्त्री राज नारायण शर्मा की इलाज के दौरान पटना में मौत हो गई। गुरूवार दोपहर में शव उनके पैतृक गांव मढ़ौरा के धेनुकी गांव पहुंचते ही स्वजनों के चीख पुकार से माहौल गमगीन हो गया। उपस्थित लोगों की आंखे नम हो गई। बताया जा रहा है कि अनुबंध पर कार्यरत बिजली मिस्त्री मढ़ौरा थाना क्षेत्र के धेनुकी गांव निवासी 40 वर्षीय राज नारायण शर्मा गत दिनों हाई टेंशन तार की मरम्मति के दौरान करंट की चपेट में आ गया था। तरैया थाना क्षेत्र के भटौरा दक्षिण टोला गांव से गुजरने वाली 11 हजार वोल्ट की लाइन में डम्फर खोलते समय अचानक बिजली आ गई थी, जिससे वे बुरी तरह झुलस गया था। हादसे के बाद ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल मढ़ौरा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया था। इसके बाद प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से उन्हें पीएमसीएच भेजा गया, इसके बाद विभागीय अस्पताल ईएसआईसी बिहटा में इलाज के लिए ले जाया गया। स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं होता देख परिजनों ने बाद में इलाज के लिए अपोलो वर्ण हॉस्पिटल पटना में भर्ती कराया था। गुरूवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो जाने पर शव का पोस्टमार्टम पीएमसीएच में हुआ। जिसके बाद स्वजनों ने शव को गांव लाया गया, जहां पर मृतक का अंतिम दाह संस्कार किया जाएगा। शव आने बाद लोगों ने बिजली अधिकारियों से उचित मुआवजा की मांग को लेकर दाह संस्कार को रोक रखा था। बताया जा रहा है कि बिजली मिस्त्री राज नारायण शर्मा अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। इस घटना के बाद उनकी पत्नी बिंदु देवी, बड़ा बेटा रौशन कुमार शर्मा, छोटा बेटा साहिल कुमार, पुत्री अंजली कुमारी समेत अन्य परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल है। वहीं स्थानीय लोगों में डेवढी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दिलीप सिंह, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, स्थानीय रणंजय कुमार सिंह, दिनेश्वर शर्मा, रामाशीष शर्मा, बलिराम सिंह, रामबाबू सिंह, रमाशंकर प्रसाद उर्फ मिठू महतो, ब्रज किशोर सिंह, सोनू कुमार व अन्य ने परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट किया।



# सब लेफ्टिनेंट हर्षित आनंद का मांझी में स्वागत



**दैनिक खोज खबर मांझी (सारण)।** भारतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हर्षित आनंद का उनके मामा के गांव घोरहट मझवलिया पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर ग्रामीणों व परिजनों ने फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों से उनका अभिनंदन कर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया। हर्षित आनंद छपरा के साधनापुरी मोहल्ला निवासी पिंटू कुमार उपाध्याय एवं रिंकी उपाध्याय के इकलौते पुत्र हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा इंपीरियल पब्लिक स्कूल, छपरा में हुई, जबकि हाई स्कूल की पढ़ाई उन्होंने मिलिट्री स्कूल, धौलपुर (राजस्थान) से पूरी की। जुलाई 2021 में उनका चयन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में हुआ। एनडीए में तीन वर्षों की कठोर ट्रेनिंग के बाद उन्होंने भारतीय नौसेना अकादमी, इझीमला (केरल) से एक साल की विशेष प्रशिक्षण प्राप्त की। इस दौरान जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से उन्हें बीटेक की उपाधि भी प्राप्त हुई। 31 मई 2025 को पासिंग आउट परेड के दौरान हर्षित आनंद को सब लेफ्टिनेंट के पद पर नौसेना में कमीशन किया गया। इस गर्वपूर्ण क्षण में उनके माता-पिता ने उन्हें रैंक पहनाकर न केवल स्वयं को, बल्कि पूरे सारण जिले को भी गौरवान्वित किया। इस अवसर पर उनके मामा व प्रेरणास्रोत पप्पु मिश्रा भी मौजूद रहे। घोरहट मझवलिया आगमन पर हर्षित आनंद ने कहा कि इस सफलता का श्रेय वे अपने माता-पिता, गुरुजनों और मामा पप्पु मिश्रा को देते हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि लक्ष्य के प्रति सजग रहकर, ईमानदारी और कठोर परिश्रम के साथ पढ़ाई करें। यही सफलता की सच्ची कुंजी है। इस सम्मान समारोह में शिक्षक कवि बिजेन्द्र कुमार तिवारी, मनीष मिश्रा, डॉ. निर्मल कुमार, सिद्धेश्वर मिश्रा, शिक्षक बिनय भारतीय समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सिवान में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर विधानसभा के सभी भाजपा क़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ की बैठक गुरूवार को बाकरपुर हॉट में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सोनपुर सदर पूर्वी मंडल क़े अध्यक्ष ने किया जबकि संचालन ने की। कार्यक्रम की शुरुवात डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि, एवं वन्देमातरम से किया गया। पार्टी क़े जिला मंत्री राजीव कुमार सिंह ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री क़े कार्यकाल 11 साल के पुरे होने पर, केंद्र सरकार के कार्य प्रणाली को विस्तार से जनकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह ने कार्यकर्त्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे केंद्र सरकार के 11वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य मे 20 जून को सिवान के जसौली मे प्रधानमंत्री का आगमन हो रहा है। प्रधानमंत्री न केवल जनसभा को सम्बोधित करेंगे, बल्कि विकास की कई योजनाओं की सौगात भी देंगे। पार्टी क़े जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा की सोनपुर विधानसभा से भी सिवान में प्रधानमंत्री कर आगमन पर यहां से भी भारी संख्या में कार्यकर्त्ता वहाँ पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा की प्रधानमंत्री जी जहा भी जाते है, वहां विकास योजनाओं की झड़ी लग जाती है। प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह एवं प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के सह संयोजक हेमनाराय सिंह ने कहा की सिवान मे होने वाली इस ऐतिहासिक जनसभा को सफल बनाने के लिए अभी से ही सभी मण्डल अध्यक्षों को जिम्मेवारी मे लग जाना चाहिए, जिससे कार्यक्रम मे रिकॉर्ड भीड़ हो सके। प्रदेश नेता विनोद सम्राट एवं प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी अभय कुमार सिंह ने कहा की जिस तरह सोनपुर विधानसभा के कार्यकर्त्ता प्रधानमंत्री के रोड सो पटना मे सोनपुर के कार्यकर्त्ता भीड़ को प्रधानमंत्री जी ने सराहा था, ठीक उसी तरह पूरे विधानसभा की जनता सिवान पहुंचेगी। कार्यक्रम क़े अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष कृष्णा राम ने किया। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष विकास गुप्ता, डॉ पंकज कुमार सिंह, प्रदेश भाजयुमो प्रभारी डॉ आशुतोष कुमार रितेश, सोनपुर नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह (बब्लु), सदर अध्यक्ष दीपक शर्मा, संजीत चौरसिया, सुनील कुमार, दिघवारा नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला कार्यालय मंत्री शेखर, सुनील दुबे, शिवबचन सिंह, शशिभूषण सिंह, संजीव कुमार, सुबोध सिंह, सत्येंद्र सिंह, जयंत कुमार, अभिमन्यु कुमार सिंह, दिव्यांशु गौतम, कुंवर किशन, उदय प्रताप, ब्रजेश सिंह सहित कार्यकर्त्ता शामिल हुए !

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर भाजपा द्वारा वृक्षारोपन अभियान चलाया गया

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** एक पेड़ मां के नाम अभियान और विश्व पर्यावरण संरक्षण को लेकर गुरुवार को मढ़ौरा पूर्वी मंडल भाजपा ने वृक्षारोपन अभियान चलाया। इस कार्यक्रम में शामिल सारण पूर्वी जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह ने प्रसिद्ध शिल्हौड़ी शिव मंदिर के प्रांगण में एक फलदार वृक्ष लगाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पेड़ लगाना सभी व्यक्ति की नैतिक जबाबदेही है। हमें इस संसार को सुरक्षित और संरक्षित रखना है तो सभी को इस दिशा में मिलकर सोचना और काम करना होगा। पेड़ लगाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है और इसमें सभी लोगों की सहभागिता जरूरी है। आज हम पेड़ लगाएगे तो यहां आने वाली पीढ़ी का जीवन बेहतर होगा। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय, जिला कार्यालय मंत्री अध्धेदू शेखर, जिला मंत्री मीरा देवी, मंडल अध्यक्ष अंबिका मांझी, पूर्व मंडलध्यक्ष अनिल शर्मा, धर्मेंद्र उपाध्याय, पप्पू यादव, पंकज यादव, कलावती शर्मा, इंदु शर्मा, इत्यादिक लोग मौजूद थे।



## सारण आगमन पर पूर्व मंत्री व सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह का कल होगा भव्य स्वागत

### जिले के विभिन्न स्थानों पर सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं सवर्ण आयोग के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह 14 जून को सारण आगमन पर रहेंगे। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस उपलक्ष्य में सारण के विभिन्न स्थानों पर उनके सम्मान में स्वागत व अभिनंदन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।इसकी जानकारी देते हुए छपरा भगवान बाजार के बैंक कॉलोनी निवास व जदयू किसान प्रकोष्ठ बिहार के प्रदेश महासचिव अशोक कुमार ने बताया कि डॉ सिंह का स्वागत-सम्मान कार्यक्रम सुबह 9 बजे संगम कोचिंग सेंटर के प्रांगण से आरंभ होगा। इसके बाद सुबह 11 बजे आरडीएस पब्लिक स्कूल, दहियावा टोला में कार्यक्रम आयोजित जाएगा। इसी क्रम में अपराह्न 3 बजे इनई ब्रह्म स्थान के पास, 4 बजे विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल, मुकरेरा के प्रांगण में व शाम 6 बजे सर्किट हाउस छपरा में स्थानीय कार्यकर्ताओं से भेंट होगी।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों से अनुरोध किया है कि वे अपने सुविधा अनुसार कार्यक्रमों में भाग लेकर पूर्व मंत्री डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह का स्वागत करें।

## अलग-अलग मामले में तीन लोग गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी थाना पुलिस ने तीन अलग अलग मामलों में गिरफ्तार कुल सात लोगों को जेल भेज दिया। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में फतेहपुर के अनिल कुमार चौधरी, गढ़ बाजार के विश्वकर्मा महतो, सुघर छपरा के रवि माँझी तथा पिन्टू माँझी के अलावा हसन अली बाजार के रहनेवाले तारकेश्वर यादव, सुखदेव यादव तथा हरिओम कुमार शामिल है।

## विद्युत चोरी के आरोप में दो उपभोक्ताओं पर एफआइआर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** एक तरफ जहां गर्मी से लोग परेशान है। लोगो को बिजली की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में उपबंध हो इसके लिए लोग बेचैन रहता है तो वहीं दूसरी ओर विद्युत चोरी करने में भी लोग पीछे नहीं है रहा है। ऐसा ही मामला सोनपुर नगर पंचायत के दो उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत विभाग के टीम ने थाने में प्राथमिककी दर्ज की है। उक्त बात की जानकारी देते हुए सुरज कुमार, कनीय विधुत अभियंता ने गुरुवार को बताया कि उदय कुमार सिंह, पिता स्व राम प्रसाद राय नगर पंचायत सोनपुर क़े बाघ राजा मानसिंह मेंन रोड नियर नारायणी विवाह भवन सोनपुर थाना-सोनपुर, जिला-सारण के अवासीय परिसर पर छपामारी दल पहुँचा। जाँच के दौरान पाया कि इनके द्वारा मेन सर्विस वायर में मीटर से पहले तार को टेपिंग कर दूसरे तार द्वारा मीटर को बाईपास कर विधुत उर्जा का उपयोग अवैध रूप से किया जा रहा था। जिससे लगभग 1,19395 /- की क्षति हुई है। इनके खिलाफ सोनपुर थाना में नामजद एफ़ाइआर दर्ज किया गया है। छपामारी दल में कुमार तेजस्वी, रामवचन कुमार सहित अन्य विधुत कर्मी मौजूद रहे। वही दूसरा उपभोक्ता ओम प्रकाश सिंह पिता आर के सिंह घर प्रवेजावाद नियर एक नंबर रेलवे ढाला डेमो सेट रोड सोनपुर जो मेन सर्विस वायर में मीटर से पहले तार को टेपिंग कर दूसरे तार द्वारा मीटर को बाईपास कर विधुत उर्जा का उपयोग अवैध रूप से किया जा रहा था। जिससे लगभग 1,53690/- की क्षति हुई है। इनके खिलाफ सोनपुर थाना में नामजद एफ़ाइआर दर्ज किया गया है।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर स्थल पर बनाया गया अस्थाई थाना

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** पचरूखी थाना क्षेत्र के जसौली खर्ग गांव में 20 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर जिला पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। इसको लेकर एसपी अमितेश कुमार ने कार्यक्रम स्थल पर अस्थाई थाना का स्थापित किया है। इसको लेकर उन्होंने पत्र जारी किया है। जारी पत्र में उन्होंने अंकित किया है कि प्रधानमंत्री का बीस जून को सिवान जिला अंतर्गत पचरूखी थाना क्षेत्र के जसौली में परिभ्रमन है। प्रधानमंत्री के परिभ्रमण के अवसर पर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था पर निकटतम एवं सतत निगरानी रखने हेतु कार्यक्रम स्थल के पास पंचायत भवन जसौली में तत्काल प्रभाव से अस्थाई थाना बीस जून तक स्थापित किया जाता है। उक्त अस्थाई थाना के थानाध्यक्ष के रूप में अंचल कार्यालय मुफस्सिल पुलिस निरीक्षक विजय कुमार यादव, इनके सहयोग हेतु एससी-एसटी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार एवं पचरुखी थाना के परि पुअनि चंद्रलोक कुमार तथा 2-8 सशस्त्र बल (पुलिस केंद्र से) को प्रतिनियुक्त किया जाता है। एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को आदेश दिया है कि अविलंब प्रतिनियुक्ति स्थान पर योगदान देकर अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन पर कार्यक्रम स्थल की संपूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे तथा स्वयं कार्यक्रम पर उपस्थित रह कर आसूचना संकलन कर आवश्यक सुरक्षात्मक एवं निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। स्थाई थाना पचरूखी के थानाध्यक्ष भी अस्थाई थाना के नियंत्रण में कार्य करेंगे। एसपी ने आदेश दिया है कि अस्थाई थानाध्यक्ष गांधी स्मारक उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज पचरुखी में ठहरे बिहार विशेष सैन्य पुलिस के एक कंपनी पुलिस कर्मियों को कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा में प्रतिनियुक्त करेंगे।

## कांग्रेस ने बिहा के युवाओं के साथ हो रहे अत्याचार व बेरोजगारी को ले धरना प्रदर्शन

**महाराजगंज (सिवान)।** बिहार की जनता अब ठगने वाली नहीं है। युवाओं के साथ अत्याचार एवं बढ़ती बेरोजगारी से बिहार की जनता ऊब चुकी है। यह बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुशांत मिश्रा ने गुरुवार को धरना प्रदर्शन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बिहार ही ऐसा राज्य है जहां के लोग देश के कोने-कोने में रोजगार कर रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दिमागी हालत ठीक नहीं है। वे बिहार चलाने लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जुमलेबाज हैं। उनसे देश से भला नहीं है। वहीं कांग्रेस नेता पूर्व जिला पार्षद प्रद्युम्न राय ने कहा कि महाराजगंज की धरती स्वतंत्रता सेनानियों की जन्मभूमि है। इससे आज पार्टी ने शंखनाद कर दिया है। इस बार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन का पूरी तरह सफाया हो जाएगा। धरना प्रदर्शन को कांग्रेस नेता प्रदुम्न राय, जिलाध्यक्ष सुशील यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष विधु शेखर पांडेय, यूथ कांग्रेस सचिव पम्मी, प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश, रमेश उपाध्याय, तरुण सिंह आदि ने संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने मांगों से संबंधित एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ता स्लोगन लिखे तख्ती के साथ मार्च करते महाराजगंज पहुंचे थे।

## शहर में स्वास्थ्य मंत्री ने लोगों से मिलकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में आने का किया आग्रह

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** बीस जून को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिवान आगमन को अभूतपूर्व बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष सोनी देवी के संयोजक में स्वास्थ्य सह विधि मंत्री मंगल पांडेय के नेतृत्व में शहर के सम्मानित नागरिकों को उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। शहर के प्रत्येक घर एवं सभी सम्मानित लोगों तक यह सूचना पहुंचे। इस दौरान मौलेश्वरी चौक से यात्रा शुरू हुई जो ब्रह्मस्थान, दलदरी , पुरानी बजाजी, कसेरा टोली, लहेरा टोली, सोनार टोली, अग्रवाल टोली, महाकाली नगर, कमकर टोली, पटवा टोली, में पहुंची इस दौरान मोहल्ले में लोगों से स्वास्थ्य मंत्री ने आग्रह किया। यात्रा में शामिल लोगों पर मोहल्ले में फूल वर्षा भी की गई। यात्रा में चल रहे कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागतम स्वागतम् मोदी का स्वागतम् , अभिनंदन है अभिनंदन है, मोदी का अभिनंदन है आदि नारे लगाए जा रहे थे। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री भारत के सर्वांगीण विकास के लिए और बिहार के विकास के लिए प्रयासरत है। बिहार काफी तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। इस विकास को तेजी देने के लिए प्रधानमंत्री सिवान आ रहे हैं। जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री की डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में बिहार का चौमुखी विकास हो रहा है। कार्यक्रम की संयोजक महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष सोनी गुप्ता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कल्याणकारी नीतियों जैसे गरीब महिलाओं को शौचालय की सुविधा, आवास की सुविधा एवं खाना बनाने में जो उनको परेशानी होती थी उस परेशानी को दूर करने के लिए उज्ज्वला योजना आदि शुरू किए। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनुराधा गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, नगर अध्यक्ष अमित कुमार सोनू, पैक्स अध्यक्ष सुभाष सिंह कुशवाहा, पूनम गिरी, अर्जुन गुप्ता, महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशा रंजन, सुनीता जायसवाल, रूपल आनंद आदि उपस्थित थे।

## सारण के नए आयुक्त राजीव रौशन का भाजपा जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार साह ने किया स्वागत



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में राजीव रौशन के पदभार ग्रहण करने के बाद भाजपा जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार साह ने औपचारिक मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र कुमार साह ने अंगवस्त्र एवं गुलदस्ता भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके प्रशासनिक अनुभव की सराहना की।धर्मेन्द्र कुमार साह ने बताया कि राजीव रौशन पूर्व में सारण में उप विकास आयुक्त के रूप में कार्यरत रह चुके हैं। उस समय मेरी पत्नी श्रीमती छोटी कुमारी सारण जिला परिषद अध्यक्ष थीं। दोनों के कार्यकाल में जिले में कई विकासात्मक कार्य हुए,जिनकी आज भी चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि राजीव रौशन प्रशासनिक दृष्टिकोण से बेहद सक्रिय और संवेदनशील अधिकारी हैं, जिनके कार्यों की आमजन और जनप्रतिनिधियों ने उस समय भी खुलकर सराहना की थी।भाजपा नेता धर्मेन्द्र कुमार साह ने उम्मीद जताई कि एक बार फिर राजीव रौशन के नेतृत्व में प्रमंडल में विकास की रफ्तार तेज होगी और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता तथा संवेदनशीलता देखने को मिलेगी।

## सारण्य महोत्सव के तत्वावधान में पुरस्कार वितरण समारोह 14 को

### सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह होंगे समारोह के मुख्य आतिथि

### सारण्य महोत्सव 2024-25 के सदस्यों को भी किया जाएगा सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** आगामी 14 जून यानी शनिवार को पूर्वाह्न 10ः30 बजे शहर के जगदम कॉलेज के पास स्थित आरडीएस स्कूल परिसर में सारण्य महोत्सव के तत्वावधान में पुरस्कार वितरण सह डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह का सम्मान समारोह का आयोजित किया जाएगा।बिहार सरकार के सवर्ण आयोग के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह इस विशेष समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। आयोजन के दौरान सारण्य महोत्सव 2024-25 के सक्रिय सदस्यों को भी सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम के संयोजक व महोत्सव के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश राज ने बताया कि यह समारोह समाजिक, शैक्षणिक व सांस्कृतिक क्षेत्र में योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी सम्मानित प्रतिनिधियों एवं आमंत्रित अतिथियों से ससमय उपस्थित रहने की अपील की है। समारोह को लेकर आयोजकों द्वारा तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## पीएम मुफ्त घर बिजली योजना के तहत 9 दिवसीय सोलर संयंत्र प्रशिक्षण संपन्न, प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** प्रधानमंत्री मुफ्त घर बिजली योजना के अंतर्गत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्मॉल बिजनेस डेवलपमेंट द्वारा आयोजित 9 दिवसीय सोलर संयंत्र प्रशिक्षण का समापन गुरुवार को सफलतापूर्वक हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन छपरा शहर के गुदरी चौक स्थित स्टेट बैंक के सामने डॉ. श्रीधर मुकुंद के आवासीय परिसर (प्रथम तल) में किया गया। समापन समारोह में संस्थान के समन्वयक दीपक कुमार, मास्टर रिसोर्स पर्सन रतन कुमार वर्मा, धनंजय पांडेय, नीरज पांडेय समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागी भविष्य में सोलर संयंत्र तकनीक के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाएंगे व विद्युत संवर्धन के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभाएंगे। यह प्रशिक्षण न केवल रोजगार सृजन का माध्यम बनेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के प्रचार-प्रसार में भी मददगार साबित होगा।

# सारण में तीन सदस्यीय केंद्रीय टीम ने किया स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत को परखने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली की तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय टीम ने गुरुवार को सारण का दौरा किया। टीम ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण कर न केवल सुविधाओं की समीक्षा की, बल्कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की गहन पड़ताल भी की। टीम ने छपरा सदर अस्पताल से अपने भ्रमण की शुरुआत की। यहां उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सा पदाधिकारियों से कालाजार उन्मूलन अभियान की प्रगति पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान टीम ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, रक्तकोष, जांच प्रयोगशाला, कालाजार वार्ड, एनआरसी, मेटरनिटी वार्ड, ऑपरेशन थियेटर और पीआईसीयू का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने 'भव्या पोर्टल' के जरिये मरीजों के पंजीकरण और उपचार की प्रक्रिया, दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता और रिकॉर्ड संधारण की गहन जांच की।सीइस केंद्रीय टीम में एनसीवीबीडीसी के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. पीजे भूयान, एनएचएसआरसी की एडवाइजर डॉ. मोना गुप्ता और लीड कंसल्टेंट श्वेता राय शामिल थीं। इनके साथ राज्य स्वास्थ्य समिति से डॉ. नरेंद्र कुमार सिन्हा और मो. मसऊद आलम भी भ्रमण में शामिल रहे।शहरी और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों का भी निरीक्षण टीम ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मासूमगंज, दिघवारा सीएचसी, शीतलपुर डीह स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर, फुलवरिया (मकेर) और अनुमंडलीय अस्पताल, सोनपुर का भी दौरा किया। हर केंद्र पर उन्होंने टीकाकरण, दवा वितरण, स्टाफ की उपस्थिति, उपकरणों की उपलब्धता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं और प्रसव पूर्व व पश्चात देखभाल का मूल्यांकन किया।दरियापुर में फील्ड विजिट, कालाजार पर विशेष फोकस टीम ने दरियापुर प्रखंड के छोटका बनिया गांव में फील्ड विजिट कर कालाजार नियंत्रण कार्यक्रम का जायजा लिया। वहां ग्रामीणों से बातचीत कर उन्होंने छिड़काव की स्थिति, रोगी पहचान, उपचार, दवा आपूर्ति और जन-जागरूकता उपायों की जानकारी ली। उन्होंने यह भी देखा कि चिह्नित मरीजों को सरकारी सुविधाएं समय पर मिल रही हैं या नहीं। निरीक्षण में सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा, डीएमओ डॉ. दिलीप कुमार सिंह, डीआईओ डॉ. सुमन कुमार, सीडीओ डॉ. रत्नेश्वर प्रसाद, डीएस डॉ. आरएन तिवारी, डीपीएम अरविंद कुमार, डीपीसी रमेश चंद्र कुमार, डीसीएम ब्रजेंद्र कुमार सिंह, डीएमएनई ब्रजेश कुमार, अस्पताल प्रबंधक राजेश्वर प्रसाद, लेखापाल बंटी रजक के साथ यूनिसेफ, सीफार और पिमराल जैसी सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

**टीम ने दी सुझाव, मांगी रिपोर्ट**ः भ्रमण के अंत में टीम ने जिला अधिकारियों से आवश्यक फीडबैक लेते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार को लेकर कई सुझाव दिए और जल्द ही समेकित रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपे जाने की बात कही।



## रितेश पटवा हत्याकांड का एक आरोपित पटना से गिरफ्तार

**सिवान।** महाराजगंज शहर के काजी बाजार में पांच जून को हुई रितेश पटवा हत्या मामले में घटना के छह दिन बाद पुलिस ने सात अभियुक्त में एक अभियुक्त को छपरा जंक्शन स्थित बुढ़िया माई मंदिर के समीप से गिरफ्तार कर लिया। केस के अनुसंधानकर्ता राहुल भारती ने बताया कि घटना के बाद अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को ले छापेमारी की जा रही थी। बुधवार को सूचना मिली कि एक अभियुक्त पिंटू पटवा छपरा जंक्शन के बुढ़िया माई मंदिर के पास है। पुलिस ने वहां पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को पिंटू पटवा को जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी शीघ्र हो जाएगी।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को निकली कलश यात्रा

**सिवान।** सिसवन प्रखंड के साईपुर, नौका टोला एवं निरखापुर तीन मुहानी के समीप स्थित हनुमान मंदिर परिसर में नौ दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर गुरुवार को हाथी, घोड़े एवं बैंडबाजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान जयकार से वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु भगवा रंग के वस्त्र पहनकर जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा में डीजे पर राम धुन बजाई जा रही थी, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया था। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर जई छपरा स्थित सरयू नदी के घाट पर पहुंची, जहां गंगा पूजन के साथ जल भरा गया। जल भरने के बाद कलश यात्रा पुनः यज्ञ स्थल पहुंची जहां गणेश पूजन के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। मंदिर के पुजारी जगत नारायण दास महाराज ने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन पूजा पाठ एवं हवन किया जाएगा। महायज्ञ की पूर्णाहुति 20 जून को की जाएगी। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन प्रवचन का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि महायज्ञ धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो लोगों को आध्यात्मिकता और एकता के सूत्र में बांधता है। यह आयोजन क्षेत्र की शांति और समृद्धि के लिए की जाती है। इसमें क्षेत्र के लोगों की बड़ी भागीदारी होने की संभावना है।

## भूमि विवाद को ले हुई मारपीट मामले में चार के विरुद्ध प्राथमिकी

**सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के अरुआं गांव में भूमि विवाद को ले हुई मारपीट मामले में पीड़ित जयराम तिवारी के पुत्र अनुज तिवारी ने गुरुवार को थाना में आवेदन देकर चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। इस मामले में गांव के ही बृजकिशोर तिवारी, भगवान तिवारी, विवेक तिवारी तथा विनय तिवारी को आरोपित किया है।

## आपसी विवाद में मारपीट प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बलहां अलीमर्दनपुर में आपसी विवाद में हुई मारपीट के मामले में रानी देवी ने गुरुवार को थाना में आवेदन देकर पड़ोसी मनोज चौधरी, मुकेश चौधरी रुक्मिणी देवी और रीना के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है जिसमें गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## बीएलओ को प्रशिक्षण

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन में गुरुवार को बीडीओ सुशील कुमार की अध्यक्षता में बीएलओ व सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया। मतदाता सूची एवं चुनाव से संबंधित कई जानकारियां दी गई। इस मौके पर प्रशिक्षु सुपरवाइजर धनराज कुमार, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

## विवाहिता का अश्लील फोटो किया प्रसारित

**सिवान।** जिले के पचरुखी थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता का अश्लील फोटो पड़ोसी गांव के एक युवक द्वारा प्रसारित करने का मामला प्रकाश में आया है। फोटो प्रसारित होने से विवाहित की शादी टूटने की कगार पर पहुंच गई है। इस संबंध में उसके पिता ने साइबर थाना में प्राथमिकी करा पचरुखी थाना के फलपुरा निवासी युवक बुलेट को अभियुक्त बनाया था। उसने आवेदन में कहा है कि पुत्री की शादी 24 नवंबर 2024 को गोपालगंज के एक गांव में हुई थी। उसकी पुत्री की शादी के पूर्व एक कोचिंग में पढ़ने गई थी जहां बुलेट सिंह से उसका जान-पहचान हुई। शादी के बाद आरोपित युवक पुत्री का अश्लील फोटो बनाकर उसके ससुराल वालों के दरवाजे पर फेंक दिया है तथा वीडियो भी डाल रहा है। साइबर थाने की पुलिस प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई हेतु गुरुवार को न्यायालय में प्रेषित कर दी है।

## लूटकांड में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी को ले छापेमारी

**सिवान।** जामो बाजार थाना क्षेत्र के डुमरी बाजार में आभूषण दुकान में हुई लूट व एक बदमाश की गिरफ्तारी और फिर उसी के साथ हुए मुठभेड़ के बाद अब पुलिस की नजर फरार दो बदमाशों पर है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार बड़हरिया थाना क्षेत्र सहित अन्य संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष अभिनंदन यादव ने बताया कि मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल बड़हरिया थाना क्षेत्र के भदांय निवासी तौसीफ रजा का अब भी पीएमसीएच में ही इलाज चल रहा है। विदित हो कि 10 जून को बाइक सवार हथियारबंद नकाबपोश तीन बदमाशों ने बाजार के अमन ज्वेलर्स को निशाना बनाते हुए करीब पांच लाख की संपत्ति लूट ली थी। इस बीच एक बदमाश तौसीफ ग्रामीणों की पकड़ में आ गया। ग्रामीणों ने उसकी धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया था।

## शव का किया गया दाह संस्कार

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के दहा नदी पल के नीचे से पुलिस ने आठ जून की दोपहर एक युवक का शव बरामद किया था। इसका पोस्टमार्टम करा शव शवगृह में रखा गया था। पुलिस ने इंटरनेट मीडिया सहित अन्य माध्यमों से शव की पहचान करने की कोशिश की, हालांकि 72 घंटे रखने के बाद जब उसकी पहचान नहीं हो पाई तब गुरुवार को उसका दाह संस्कार अस्पताल प्रशासन ने कर दिया।

## रास्ते के विवाद में मारपीट, घायल

**सिवान।** बसंतपुर थाना क्षेत्र के खंडवा बंसरी गांव में रास्ते के विवाद में एक व्यक्ति को मारपीट कर पट्टीदारों ने घायल कर दिया, घायल काशीनाथ राय हैं। घटना के संबंध में घायल ने बताया कि आने-जाने के लिए रास्ते की विवाद को लेकर पट्टीदारों ने एक साजिश के तहत मुझे मारपीट कर घायल कर दिया। जहां स्थानीय लोगों ने बीच बचाव किया और मुझे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज चल रहा है।

## ट्रिपिंग व वोल्टेज में उतार-चढ़ाव से उड़ रहे फ्यूज

**सिवान-**जिले का पारा 40 डिग्री पार जा रहा है। एक तरफ शहरवासी उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे हैं तो दूसरी तरफ अनियमित आपूर्ति व पावर कट लोगों के जख्म पर नमक लगाने का काम कर रहा है। शहरवासियों की शिकायत है कि दिन तो जैसे-तैसे कट जाती है, शाम होते ही बिजली कटौती होने लगती है। 24 घंटे में दर्जनों बार ट्रिपिंग की समस्या हो रही है। जबकि रात में कभी आधे घंटे के लिए तो कभी दस मिनट, पांच मिनट के लिए लगभग सात से आठ बार पावर कट हो रहा है। शहरी उपभोक्ताओं की शिकायत है कि भीषण गर्मी में फिर ट्रिपिंग और लो वोल्टेज परेशान करने लगा है। इन उपभोक्ताओं को पावर कट की समस्या से जूझना पड़ता है।

*फाइलेरिया मुक्त अभियान*

# नौतन और दरौली में विभागीय स्तर पर हाथीपांव के 17 मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का हुआ वितरण

### पीरामल स्वास्थ्य की ओर से एमएमडीपी किट इस्तेमाल की पूरी प्रक्रिया से कराया गया अवगत

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के नौतन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आकाश कुमार राय जबकि दरौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लाल बाबू यादव के नेतृत्व में रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता निवारण (एमएमडीपी) किट का वितरण किया गया है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि फाइलेरिया से प्रभावित अंगों की साफ- सफाई के साथ नियमित देखभाल भी जरूरी होता है। ताकि फाइलेरिया के प्रभाव को आसानी से कम किया जा सके। जिन मरीजों के हाथ- पैर में सूजन आ जाती है या फिर उनके फाइलेरिया के हाथी पांव बीमारी से ग्रस्त अंगों से पानी का रिसाव होता है, ऐसी स्थिति में उनके प्रभावित अंगों की सफाई बेहद आवश्यक है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से उनके बीच एमएमडीपी किट प्रदान किया जाता है। जिसमें टब, मग, बाल्टी, तौलिया, साबुन, एंटी फंगल क्रीम आदि शामिल हैं। इसके लगातार इस्तेमाल करने से प्रभावित अंगों के सूजन में भी कमी आती है। लेकिन मरीजों को साफ- सफाई के साथ- साथ नियमित रूप से व्यायाम करने की आवश्यकता होती है। तब जाकर सकारात्मक प्रभाव अनिवार्य रूप से देखने के लिए मिलने लगता है।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी (डीवीबीडीसीओ) डॉ ओम प्रकाश लाल ने बताया कि उक्त दोनों स्वास्थ्य संस्थानों में हाथीपांव के मरीजों को एमएमडीपी किट का प्रयोग करने के लिए पीरामल स्वास्थ्य के पीओसीडी अमितेश कुमार के द्वारा उपस्थित सभी रोगियों को हाथी पांव की साफ़ सफाई और रख रखाव से संबंधित पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया गया। ताकि आसानी से उपचार की विधि समझ में आ जाए। नौतन में फाइलेरिया के हाथीपांव के 11 मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण करते हुए उन्हें इसके इस्तेमाल की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बीसीएम राजीव कुमार, बीएचआई आदर्श श्रीवास्तव, प्रभात कुमार पाण्डेय, आशा कार्यकर्ता और आशा फेसिलेटर के अलावा कई अन्य अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ दरौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 06 मरीजों को एमएमडीपी किट देने के साथ ही साफ़ सफाई और देखभाल को लेकर प्रशिक्षित किया गया है। इस अवसर पर वीडीसीओ कुंदन कुमार, बीएचएम अमित कुमार, बीसीएम शशि कुमार, पिरामल स्वास्थ्य के कार्यक्रम प्रमुख राजेश कुमार तिवारी के अलावा कई अन्य अधिकारी और कर्मी शामिल थे। पीरामल स्वास्थ्य के पीओसीडी अमितेश कुमार ने उक्त दोनों स्वास्थ्य संस्थानों में एमएमडीपी कीट (रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता निवारण) वितरण के दौरान इसके इस्तेमाल करने से पहले पैर पर पानी डालना, उसके बाद हाथ में साबुन लेकर उसे हलके हाथ से रगड़ने और जब झाग निकल जाए तो हल्के हाथ से पैर में घुटने से लेकर तलुए तक और उंगलियों के बीच अच्छे से साबुन लगाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उसके बाद हल्के हाथ से घुटने पर पानी डालकर उसे अच्छी तरह से धोना है, फिर धोने के बाद मुलायम तौलिया लेकर हल्के हाथ से पोछना होता है। इसके बाद पैर में जहां पर घाव हो वहां पर एंटी फंगल क्रीम लगाए। वहीं, मरीजों को बताया कि हाथीपांव के मरीजों को सोने के समय तकिया या गद्दे का इस्तेमाल कर पैर को ऊंचा कर के सोना चाहिए। साथ ही मरीजों व्यायाम करने के लिए भी सलाह दी गई।

## 296 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, जेल

सिवान। दारौंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित जिलेबिया गली में खैनी दुकान में बेच रहे 296 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान दारौंदा निवासी गुड्डू मियां के रूप में हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि दारौंदा बाजार के जिलेबिया गली में एक खैनी दुकान में गांजा बेचने की गुप्त सूचना मिली। इसी सूचना की जांच के लिए पुअनि अमित कुमार शर्मा एवं दंडाधिकारी सह सीओ पूनम दीक्षित के नेतृत्व में पुलिस टीम पहुंची। पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति काले रंग की पालीथिन में कुछ लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उस व्यक्ति को दबोच लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर गिरफ्तार व्यक्ति अपना नाम दारौंदा निवासी गुडडू मियां बताया। जब उसकी तलाशी ली गई तो इसके पास से 296 ग्राम गांजा मिला। इसके बाद उसकी गुमटीनुमा खैनी दुकान की तलाशी के लिए एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत तलाशी ली गई। इस दुकान को विधिवत रूप से सील कर दिया गया। इस मामले में पुअनि अमित कुमार शर्मा के बयान पर प्राथमिकी कराई गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि गांजा बेचने एवं रखना दोनों अपराध है। इसी सुसंगत धारा के तहत प्राथमिकी कराई गई है। गिरफ्तार आरोपित को गुरुवार को जेल भेज दिया गया है। गांजा बरामद मामले में महत्वपूर्ण जानकारी गिरफ्तार आरोपित ने दी है। पूछताछ के आधार पर अन्य लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## महिला संवाद कार्यक्रम में 35 हजार महिलाएं हुई जागरूक

**दैनिक खोज खबर/दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चल रहे महिला संवाद कार्यक्रम में 35 हजार महिलाएं शामिल हुई। इस कार्यक्रम में वीडियो फिल्म के माध्यम से सरकार की सभी प्रकार की योजना, परियोजना को दिखाया गया कि किस प्रकार योजनाएं धरातल पर ग्रामीण विकास कार्य में सहयोग करती है। इसमें नारी सशक्तीकरण में जीविका की भागीदारी विगत 17 वर्षों से है। जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक अमित प्रीतम ने बताया कि 18 अप्रैल से प्रखंड अंतर्गत सभी 17 पंचायतों के 84 गांव में कुल 110 जीविका महिला ग्राम संगठनों में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संवाद कार्यक्रम में जीविका दीदियों के अलावा ग्रामीण पुरुष, युवक-युवतियां तथा बच्चों की भी सहभागिता रही। इस कार्यक्रम में कुल 35 ग्रामीण महिलाओं एवं पुरुष को सरकार के सभी योजनाओं से अवगत कराया गया एवं इनके द्वारा सरकारी मांगों को महिला संवाद मोबाइल एप के माध्यम से संधारित किया गया। बीपीएम ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जीविका दीदियों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही जीविका प्रखंड कार्यालय के कर्मी विकास कुमार, किशोर कुमार, गोल्डी कुमारी, इरशाद, अमरजीत कुमार, राकेश कुमार, रिंकू कुमारी, पवन कुमार, दिलीप मांझी तथा रीता कुमारी समेत अन्य कर्मी के भी प्रयास की सराहना की।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**सिवान-**सराय थाना क्षेत्र के चांप गांव समीप गुरुवार की सुबह बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने स्थिति गंभीर को देखकर पटना रेफर कर दिया। घायल की पहचान हुसैनगंज थाना क्षेत्र के छपिया निवासी रामदयाल साह के रूप में हुई। घायल ने बताया कि हम साइकिल से पचरूखी जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने धक्का मारकर दिया।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ले सांसद ने दिया निमंत्रण पत्र

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** पचरुखी प्रखंड के जसौली में 20 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जनसभा को सफल बनाने के लिए सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल बुधवार की शाम महाराजगंज पहुंचकर शहर के विभिन्न मोहल्लों में घूम-घूमकर कर प्रत्येक व्यक्ति को निमंत्रण पत्र दिया। इसके पूर्व सांसद ने राजेंद्र चौक स्थित पूर्व मुख्यमंत्री महामाया प्रसाद की मूर्ति पर माल्यार्पण कर निमंत्रण पत्र देने की शुरुआत की। सांसद ने कहा कि सिवान जिला के लोग खुशनसीब हैं कि विश्व के सर्वमान्य नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को सारण प्रमंडल की धरती पर आ रहे हैं। यह धरती प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद, मौलाना मजहरुल हक सहित सैकड़ों स्वतंत्रता सेनानियों की है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के हाथों सारण प्रमंडल सहित बिहार को बहुत बड़ी सौगात मिलने वाली है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे 20 जून को प्रधानमंत्री की जनसभा में जरूर पहुंचे। महाराजगंज क्षेत्र की भागीदारी एक अनोखी रहेगी। इस दौरान सांसद का विभिन्न जगहों पर व्यवसायियों ने स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक हेमनारायण साह, भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद, भाजपा नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह, मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव उर्फ शिक श्रीवास्तव, मानवेंद्र कुमार अभय, आत्मा सिंह, मनीष सिंह, डा. त्रिपुरारी शरण सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, जिला मंत्री अजय कुमार सिंह, अवधेश पांडेय, चंदन राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।